# EXTRACT FROM THE GAZETTE OF INDIA : PART II, SEC. 3, SUB-SEC. (i)

Appearing on Page Nos. 791—797

Dated 8-6-2013

**वित्त मंत्रालय**

**MINISTRY OF FINANCE**

(राजस्व विभाग)

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 4 जून, 2013

**सा.का.नि. 146.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क विभाग, अवर श्रेणी लिपिक, भर्ती नियम, 2002 को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण, 2002 से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, वित्त मंत्रालय, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, और सीमा शुल्क, अवर श्रेणी लिपिक (समूह 'ग' अनुसचिवीय) पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क (अवर श्रेणी लिपिक) भर्ती नियम, 2013 है ।,

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **पद संख्या, वर्गीकरण और वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन या वेतनमान.**—उक्त पद संख्या, उसका वर्गीकरण और उनके वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन या वेतनमान वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं ।

3. **विशेष उपबंध :**

(1) जब तक कि केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा अन्यथा उपबंधित न हो प्रत्येक प्रमण्डल का पृथक काडर होगा ।

(2) उप-नियम (1) में किसी बात के होते हुए भी, संबंधित प्रमण्डल के मुख्य उत्पाद शुल्क आयुक्त या मुख्य सीमा शुल्क आयुक्त यदि वह लोकहित में ऐसा करना आवश्यक या समीचीन समझे और ऐसे शर्तों के अधीन रहते हुए जो वह मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विनिर्दिष्ट करे और लेखबद्ध किए जाने के कारणों से प्रमण्डल या विभाग में किसी पद को, उसी या सदृश पदों को धारण करने वाले व्यक्तियों के स्थानांतरण द्वारा भरे जाने के लिए, जो यथास्थिति अन्य प्रमण्डल या विभाग या केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड के अधीन किसी कार्यालय के काडर के हों, आदेश द्वारा विहित कर सकेगा ।

4. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अर्हताएं, आदि.**—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं ।

5. **निरर्हता.**—वह व्यक्ति,—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

6. **शिथिल करने की शक्ति.**—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

7. **व्यावृत्ति.**—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पद की संख्या | वर्गीकरण | वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन या वेतनमान | चयन पद है अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| अवर श्रेणी लिपिक | 828* (2013) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है । | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग' अराजपत्रित अनुसचिवीय | वेतन बैंड-1, वेतनमान 5200-20200 रु. + ग्रेड वेतन 1900 रु. | अचयन | लागू नहीं होता |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो |
|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) |
| (क) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से बारहवीं पास या समतुल्य, और<br>(ख) कम्प्यूटर पर हिन्दी में न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति या अंग्रेजी में न्यूनतम 35 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति का परीक्षण उत्तीर्ण हो ।<br>(ग) कम्प्यूटर अनुप्रयोग में प्रत्येक शब्दों के लिए 5 की डिप्रैशन के औसत पर 10500 प्रति घंटा/9000 की डिप्रैशन प्रति घंटा के अनुरूप 35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट ।<br>(घ) कम्प्यूटर उपयोजन का ज्ञान हो । | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |

| **भर्ती की पद्धति :** भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता | प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा |
|---|---|
| (10) | (11) |
| प्रोन्नति द्वारा | (1) 90 प्रतिशत रिक्तियों को ऐसे सिपाही या हवलदार से भरी जाएंगी जो ग्रेड वेतन 1800 रु. के पद पर हैं और विभागीय अर्हक परीक्षा के आधार पर नियमित नियुक्ति के पश्चात् श्रेणी में तीन वर्ष सेवा की है ।<br>**टिप्पण :** परीक्षा की पात्रता के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष है । (अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों की दशा में आयु 50 वर्ष है) । |

| | (11) |
|---|---|
| | (2) 10 प्रतिशत रिक्तियों को ऐसे बहु कार्य कर्मचारीवृन्द पद से जिन्होंने श्रेणी में ग्रेड वेतन 1800 रु. पर तीन वर्ष नियमित सेवा की है या पूर्ववर्ती समूह 'घ' पद यथा पुन: पदनामित बहुकार्य कर्मचारीवृन्द जिनकी तीन वर्ष की नियमित सेवा है और विभागीय परीक्षा अर्हित है । **टिप्पण** : परीक्षा की पात्रता के लिए अधिकतम आयु-सीमा 45 वर्ष है । (अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों की दशा में आयु 50 वर्ष है) । |

| यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|
| (12) | (13) |
| **समूह "ग" विभागीय प्रोन्नति समिति (विचार के संबंध में) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :—** <br>(1) एकल प्रमण्डल जिसका सम्मिलित काडर नहीं है : <br>(1) मुख्यालय कार्यालय का ज्येष्ठतम अपर आयुक्त —अध्यक्ष <br>(2) अपर आयुक्त/संयुक्त आयुक्त, मुख्यालय जिसके न हो सकने पर कोई अन्य ऐसा ज्येष्ठतम अपर आयुक्त जो समिति की बैठक के समय उपलब्ध हो —सदस्य <br>(3) अपर आयुक्त/उत्पाद शुल्क या सीमा शुल्क —सदस्य <br>(4) उप आयुक्त/सहायक आयुक्त, आयकर —सदस्य <br>**टिप्पण** : जहां उपरोक्त क्रम संख्यांक (1) से (4) तक कोई भी सदस्य अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का नहीं है वहां विभाग से बाहर का अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित एक समूह 'क' अधिकारी विभागीय प्रोन्नति समिति के सदस्य के रूप में सहयुक्त होगा । <br>(2) संयुक्त प्रमण्डल जो दो या दो से अधिक प्रमण्डल का सम्मिलित काडर रखते हैं : <br>(1) प्रत्येक प्रमण्डल का ज्येष्ठतम अपर आयुक्त(ज्येष्ठतम अधिकारी)/अध्यक्ष होगा —अध्यक्ष <br>(2) अपर आयुक्त या संयुक्त आयुक्त, काडर नियंत्रण प्रमण्डल जिसके न हो सकने पर कोई अन्य ऐसा ज्येष्ठतम अपर आयुक्त/संयुक्त आयुक्त (मुख्यालय) जो विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक के समय उपलब्ध हो —सदस्य <br>(3) अपर आयुक्त/संयुक्त आयुक्त केन्द्रीय उत्पाद शुल्क या सीमा शुल्क —सदस्य <br>(4) उप आयुक्त/सहायक आयुक्त, आयकर —सदस्य <br>**टिप्पण** : जहां उपरोक्त क्रम संख्यांक (1) से (4) तक कोई भी सदस्य अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का नहीं है वहां विभाग से बाहर का अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित एक समूह 'क' अधिकारी विभागीय प्रोन्नति समिति के सदस्य के रूप में सहयुक्त होगा । | लागू नहीं होता । |

[फा. सं. ए-12018/06/2012-एडी-III. बी.]

एम. एल. शर्मा, अवर सचिव

(4)

**(Department of Revenue)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 4th June, 2013

G.S.R. 146.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Central Excise and Customs Department, Lower Division Clerk, Recruitment Rules, 2002, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Lower Division Clerk (Group 'C' Ministerial) in the Ministry of Finance, Central Excise and Customs, namely :—

**1. Short title and Commencement.**—(1) These rules may be called the Ministry of Finance, Department of Revenue, Central Excise and Customs (Lower Division Clerk) Recruitment Rules, 2013.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

**2. Number of post, classification and pay band, grade pay or pay scale .**— The number of the said post, its classification and the pay band, grade pay or pay scale attached thereto, shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

**3. Special Provision :**

(1) Each Commissionerate shall have a separate cadre unless otherwise provided by the Central Board of Excise and Customs.

(2) Notwithstanding anything contained in sub-rule (1), the Chief Commissioner of Central Excise or Chief Commissioner of Customs having jurisdiction over the concerned Commissioner may, if he considers it necessary or expedient in the public interest so to do and subject to such condition as he may specify having regard to the circumstances of the case and for the reasons to be recorded in writing, order any post in the Commissionerate to be filled by absorption of persons holding the same or analogous post but belonging to the cadre of another Commissionerate or any other office under the Central Board of Excise and Customs, as the case may be.

**4. Method of recruitment, age-limit, and qualifications, etc.**— The method of recruitment to the said post, age-limit, qualifications and other matters relating there to shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

**5. Disqualification.**—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

**6. Power to relax.**—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

**7. Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the other Backward Classes, Ex-serviceman and other special categories of persons, in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

## SCHEDULE

| Name of post | Number of post | Classification | Pay Band and Grade Pay or Pay Scale | Whether selection post or non-selection post | Age-limit for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| Lower Division Clerk | 828* (2013) *Subject to variation dependent on workload. | General Central Service, Group 'C', Non-Gazetted, Ministerial | Pay Band-1, pay scale Rs. 5,200—20,200 plus grade pay of Rs. 1900 | Non-selection | Not applicable |

| Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications perscribed for direct recruits will apply in the case of promotion | Period of probation, if any |
|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) |
| (a) 12th pass from a recognised Board or equivalent; and<br>(b) should pass typewriting test in English with a minimum speed of thirty five words per minute or in Hindi with a minimum speed of thirty words per minute on Computer;<br>(c) correspond to 10500 KDPH/9000KDPH on an average of five key depression of each word; and<br>(d) knowledge of computer applications. | Not applicable | Not applicable |

| Method of recruitment : whether by direct recruitment or by promotion or deputation or absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods | In case of recruitment by promotion or deputation or absorption, grades from which promotion or deputation or absorption to be made. |
|---|---|
| (10) | (11) |
| By promotion | (1) 90% of the vacancies shall be filled from the posts of Sepoy or Havaldar in the grade pay of Rs. 1800 and have rendered three years regular service in the grade after appointment thereto on regular basis on the basis of departmental qualifying examination.<br>**Note :** The maximum age-limit for eligibility for examination is forty five years. (Fifty years of age for the candidates belonging to Scheduled Castes or Scheduled Tribes).<br>(2) 10% of the vacancies shall be filled from the post of Multi Tasking Staff who have rendered three years regular service in the grade pay of Rs. 1800 or three years regular service in the erstwhile Group 'D' Posts re-designated as MULTI TASKING STAFF and on qualifying the departmental examination. |

| | (11) |
|---|---|
| | **Note :** The maximum age-limit for eligibility for examination is forty-five years. (Fifty years of age for the candidates belonging to the Scheduled Castes or Scheduled Tribes |

| If Departmental Promotion Committee exist, what is its composition ? | Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment |
|---|---|
| (12) | (13) |
| **Group 'C' Departmental Promotion Committee (for considering) consist of :—**<br>(I) Single Commissionerate that is, having no common cadre :<br>(i) Senior most Additional Commissioner at Headquarters Office —Chairman<br>(ii) Additional Commissioner or Joint Commissioner Headquarters, failing which any other senior most Additional Commissioner or Joint Commissioner (Headquarters) available at the time of Departmental Promotion Committee Meeting —Member ;<br>(iii) Additional Commissioner of Central Excise or Customs —Member ;<br>(iv) Deputy Commissioner or Assistant Commissioner of Income-Tax —Member.<br>**Note :** Where none of the member at Serial No. (i) to (iv) above belongs to the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes, a Group 'A' officer from outside the Department belonging to the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes, shall also associate as a member of the Departmental Promotion Committee.<br>(II) Composite Commissionerates, that is two or more Commissionerates having common cadre :<br>(i) Senior most Additional Commissioner from each of the Commissionerates (the senior most officer) among them would be the Chairman;<br>(ii) Additional Commissioner or Joint Commissioner Headquarters of the cadre controlling Commissionerates, failing which any other senior most Additional Commissioner or Joint Commissioner (Headquaters) available at the time of Departmental Promotion Committee Meeting —Member;<br>(iii) Additional Commissioner or Joint Commissioner of Central Excise or Customs —Member;<br>(iv) Deputy Commissioner or Assistant Commissioner of Income Tax —Member<br>**Note :** Where none of the member at Serial No. (i) to (iv) above belongs to the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes, a Group 'A' officer from outside the Department belonging to the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes, shall also associate as a member of the Departmental Promotion Committee. | Not applicable. |

[F. No. A-12018/06/2012-Ad. III. B]

M. L. SHARMA, Under Secy.

MGIPRRND—2559 Finance/2013—100 Copies.

1/3

F.No.A.12018/06/2012-Ad.III(B)
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Excise & Customs
.............

महानिदेशालय, केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड मानव संसाधन
Commissioner
डायरी सं./Diary No. 326
29 JAN 2015
नई दिल्ली/New Delhi
Directorate General of Human Resources Development

Ground Floor, Hudco Vishala Building, Bhikaji Cama Place
R. K. Puram, New Delhi, the 15th January, 2015

To

All the Chief Commissioners of Central Excise/Customs under CBEC.

Subject: Amendment in Ministry of Finance, Department of Revenue, Central Excise and Customs (Lower Division Clerk), Recruitment Rules, 2013

Sir/Madam,

The Board has amended Ministry of Finance, Department of Revenue, Central Excise and Customs (Lower Division Clerk), Recruitment Rules, 2013 to include educational qualification for the feeder grade for promotion to the post of Lower Division Clerk. In this connection, a copy of Ministry of Finance, Department of Revenue, Central Excise and Customs (Lower Division Clerk), Recruitment(Amendment) Rules, 2015 notified as G.S.R. No.29(E) dated 14th January, 2015 published in the Gazette of India on 14.01.2015 is enclosed for information and necessary action.

Encl: As above.

Yours faithfully,

(K. G. Mohanta)
Deputy Secretary to the Govt. of India

Copy to: Webmaster, DG, Systems for uploading the same on the website (ii) DG, HRD for information and record.

(K. G. Mohanta)
Deputy Secretary to the Govt. of India

ADD(P)
29/1/15
AD(PD) RR cell

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 27] नई दिल्ली, बुधवार, जनवरी 14, 2015/पौष 24, 1936
No. 27] NEW DELHI, WEDNESDAY, JANUARY 14, 2015/PAUSHA 24, 1936

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 14 जनवरी, 2015

**सा.का.नि. 29(अ).**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क (अवर श्रेणी लिपिक) भर्ती नियम, 2013 का संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात्:–

1. (i) इन नियमों का संक्षिप्त नाम वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (अवर श्रेणी लिपिक) भर्ती (संशोधन) नियम, 2015 है ।

   (ii) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत होंगे ।

2. वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क (अवर श्रेणी लिपिक) भर्ती नियम, 2013 की अनुसूची के, स्तंभ (11) के

   (i) मद (1) में, "अर्हक परीक्षा" शब्दों के स्थान पर "किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण या समतुल्य अर्हता रखते हैं" शब्दों को अंतः स्थापित किया जाएगा।

   (ii) मद (2) में, 'विभागीय परीक्षा' शब्दों के पश्चात् "किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण या समतुल्य अर्हता रखते हैं" शब्दों को और अंतः स्थापित किया जाएगा।

[फा. सं. A-12018/6/2012-प्रशा.III बी]

राजपाल सिंह, अवर सचिव

**टिप्पण :** मूल नियम भारत के राजपत्र में सा.का.नि. संख्यांक 146, तारीख 4 जून, 2013 द्वारा प्रकाशित किए गए थे।

3

## MINISTRY OF FINANCE

### (Department of Revenue)

### NOTIFICATION

New Delhi, the 14th January, 2015

**G.S.R. 29(E).**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Ministry of Finance, Department of Revenue, Central Excise and Customs (Lower Division Clerk) Recruitment Rules, 2013, namely:—

1. (1) These rules may be called the Ministry of Finance, Department of Revenue, Central Excise and Customs (Lower Division Clerk) Recruitment (Amendment) Rules, 2015.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Ministry of Finance, Department of Revenue, Central Excise and Customs(Lower Division Clerk) Recruitment Rule, 2013 in the schedule, in Column (11)—

(i) in item (1), after the words "qualifying examination", the words, figure and letters "and possessing 12th pass qualification from a recognized Board or University or equivalent" shall be inserted;

(ii) in item (2), after the words "departmental examination," the words, figures and letters "and possessing 12th pass qualification from a recognized Board or University or equivalent" shall be inserted.

[F. No. A-12018/06/2012-Ad.III B]

RAJPAL SINGH, Under Secy.

**Note :** The principal rules were published in the Gazette of India *vide* number G.S.R. 146, dated the 4th June, 2013.

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.